<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>22-08-2025</u>

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय ने मोहाली स्थित एक बिल्डर, राजदीप शर्मा को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। उन्हें बिरफा आईटी मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें इससे पहले ईडी द्वारा पाँच आरोपियों मणिदीप मागो, संजय सेठी, मयंक डांग, तुषार डांग और जसप्रीत सिंह बग्गा को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को विशेष अदालत, द्वारका के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उसे 28/08/2025 तक 7 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है।

यह मामला चीन और हांगकांग से किए गए कम मूल्यांकित आयातों की प्रतिपूरक भुगतान करने से संबंधित फर्जी और जाली रशीद के आधार पर 4817 करोड़ रुपये के अवैध विदेशी धन प्रेषण से जुड़ा है। ईडी की जाँच से पता चला है कि तुषार डांग और मयंक डांग नाम के डांग बंधुओं ने एक सुव्यवस्थित सिंडिकेट बनाया था, जिसमें भारतीय आयातकों और व्यापारियों, नकदी संचालकों, अंतरराष्ट्रीय हवाला एजेंटों, स्थानीय अंगड़िया फर्मों, कई चीनी निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं और चीन के कई प्रमुख शहरों में स्थित गोदामों की एक समर्पित श्रृंखला का एक बड़ा समूह शामिल था।

जाँच से पता चला है कि डांग बंधुओं द्वारा आयातित माल बेहद कम मूल्यांकित दर्शाया गया था और आरोपी मणिदीप मागो और संजय सेठी के माध्यम से प्रतिपूरक भुगतान विदेश भेजा गया था। मणिदीप मागो और संजय सेठी द्वारा किए गए धन प्रेषण क्रिप्टो माइनिंग के सर्वर के लिए ऑनलाइन पट्टा, शिक्षा सॉफ्टवेयर, बेयर मेटल सर्वर पट्टा आदि के नाम से बनाए गए फर्जी चालान के आधार पर किए गए थे। हालाँकि, जाँच से पता चला है कि वास्तव में ऐसी कोई सेवा प्रदान नहीं की गई थी और धन प्रेषण मणिदीप मागो और उनके सहयोगियों द्वारा नियंत्रित विदेशी कंपनियों को किए गए थे, जहाँ से भारत में विभिन्न उत्पादों के निर्यात में लगी चीनी कंपनियों को भुगतान किया गया था।

ईडी की जाँच से पता चला है कि आरोपी राजदीप शर्मा का तुषार डांग के साथ हवाला के ज़रिए नियमित रूप से नकद लेन-देन होता था। ये नकद लेन-देन राजदीप शर्मा द्वारा तुषार डांग के ज़रिए आयातित माल के बदले में होते थे। राजदीप शर्मा ने नकद लेन-देन की बात स्वीकार की है और यह भी बताया कि उसे तुषार डांग द्वारा माल की कम कीमत दर्शाने की जानकारी थी। चीनी निर्यातकों को भुगतान करने के लिए अवैध रूप से विदेश धन प्रेषण से पूर्व यह नकदी आरोपी व्यक्तियों द्वारा संचालित विभिन्न बैंक खातों के ज़रिए जमा (लेयर) की जाती थी।

आगे की जाँच जारी है।